तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

12 वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ



12 आयुक्त के निर्देश बाद भी पूरा नहीं हो सका आवापल्ली जीएडी आवास भवन





## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा आज

**जगदलपुर।** शहर के समुंद चौक स्थित श्री राम मंदिर में शनिवार की शाम 5 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

### शतरंज टूर्नामेंट आज से

**जगदलपुर।** स्पोर्ट्स क्रॉनिकल्स द्वारा 19 और 20 अप्रैल को शहर के इंदिरा स्टेडियम में भव्य शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 80000 रुपए से अधिक का पुरस्कार वितरित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल के रूप में भागीदारी पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

### 19 बीयर, 9 जम्मू स्पेशल व्हिस्की व वाहन भी जब्त



**दंतेवाड़ा।** पुलिस टीम ने बेंगलूर मेन रोड में मुखबिर से सूचना मिलने पर वाहन को पकड़ा। जिसके अंदर सीट के नीचे 19 बीयर एवं 9 जम्मू स्पेशल व्हिस्की कुल 13.970 बल्क लीटर कीमत 4970 रुपए रखा मिला। पुलिस ने शराब एवं तूफ़ान वाहन कीमत लगभग 5 लाख रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, आरके बर्मन के निर्देश मिलने पर कार्रवाई की गई है।पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कटेकल्याण कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कटेकल्याण के नेतृत्व में 16 अप्रैल को कुम्मा कूड़ामी निवासी बेंगलूर मांझीपारा से अवैध शराब जब्त किया गया है। आरोपी कुम्मा कूड़ामी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक अर्जुन पटेल, उप निरीक्षक भीमसेन भारती, सउनि गोवर्धन निर्मलकर, लच्छू राम भोगामी, प्रआर कौशल प्रसाद ध्रुव, आरक्षक मोंटू बेरिहा, दानेश्वर देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने संबंधी कार्य में तेजी लाए जाने एवं इसके व्यापक प्रचार-प्रसार करें। आम जनता को एचएसआरपी लगाने की सरल, सुलभ प्रक्रिया के संबंध में विभागीय वेबसाइट की जानकारी। जागरूक करने हेतु सार्थक प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए।

उक्त बातें परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में कही। सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के अनुपालन में राज्य में लगाए जा रहे हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के संबंध में आ रही समस्या एवं प्रगति के विषय पर अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि तथा राज्य के विभिन्न परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

इसमें बताया कि अनुबंधित कंपनी भी अपने फिटमेंट सेंटर के कार्यबल, तकनीकी उपकरणों सहित जिला परिवहन कार्यालयों में आम जनता, वाहन स्वामियों को एचएसआरपी फिटेड कराने की सुविधा मुहैया हो। अनुबंधित कंपनियों को आबंटित जिलों में एचएसआरपी लगाने हेतु उपलब्ध यूनिट, इकाई एवं कार्यबल में वृद्धि कर कम समय में फिटिंग कार्य करने, एचएसआरपी लगाने हेतु आवेदन, फिटमेंट सुविधा, घर पहुंच सुविधा एवं निर्धारित शुल्क के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**खास बातें**

- वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में अपडेट होंगे मोबाइल नंबर
- परिवहन विभाग व अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



### काउंटर खोले जाएंगे

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि एचएसआरपी योजना के क्रियान्वयन हेतु परिवहन कार्यालय में वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने हेतु काऊण्टर खोले जाएंगे। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के बीच एचएसआरपी नंबर प्लेट की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### 3 घंटे चली मुठभेड़ के बाद फोर्स को भारी पड़ता देख भागे माओवादी

# माड़ मुठभेड़, डेरा छोड़कर भागे नक्सली, 6 लाख नकद, 11 लैपटॉप, हथियार व विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के माड़ इलाके में शुक्रवार को नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। लगभग 3 घंटे चली मुठभेड़ के बाद फोर्स को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने 6 लाख रुपए नकद, 11 नग लैपटॉप, 50 किलो बारूद, 20-20 लीटर पेट्रोल, 2 कुकर बम समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, इलेक्ट्रॉनिक सामान व दवाइयां बरामद की है।

- जल्द नक्सल मुक्त बस्तर का सपना होगा साकार- आईजी

आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस कैंप पदमकोट से 4 दिन पहले डीआरजी व आईटीबीपी 41 वीं बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी। वापसी के दौरान नक्सलियों से सामना हुआ। फोर्स को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसका जवानों ने बहादुरी से मुकाबला किया। इस बीच सुरक्षा ▸▸| शेष पेज 12 पर



### भारी मात्रा में विस्फोटकबरामद, मौके पर किया नष्ट

फोर्स ने मुठभेड़ स्थल व नक्सलियों के डेरा से 6 लाख रुपए नकद के अलावा 11 लैपटॉप, 50 किलो बारूद, 30 किलो शोरा नामक पदार्थ, 20-20 लीटर पेट्रोल-डीजल, 2 कुकर बम, एसएलआर का जिंदा कारतूस 130 नग, 12 बोर का जिंदा कारतूस 25 नग, 303 रायफल का जिंदा कारतूस 18 नग, कार्डेक्स वायर 2 बंडल, बिजली वायर 10 बंडल, 1 नग नक्सली वर्दी, विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाईस, दवाईयाँ, टिफिन, नक्सल साहित्य, जूते सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान मिला। बरामद नक्सल सामग्री में से विस्फोटक सामग्री बारूद, शोरा नामक पदार्थ, पट्रोल-डीजल, कुकर बम, इलेक्ट्रीक वायर एवं विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाईस, दवाइयाँ, टिफिन, नक्सल साहित्य, जूते सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान को मौके पर सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षात्मक तरीके से नष्ट किया गया।

# बाइक-कार में जबरदस्त टक्कर, दो ग्रामीणों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

कोंटा की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के फंदीगुड़ा व चिकवारगुडा गांव के मध्य चारपहिया वाहन और बाइक की जबरदस्त टक्कर में 2 ग्रामीणों की मौत हो गई । हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही एक ग्रामीण की मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और घायल ग्रामीण को कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल ग्रामीण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ।

- मृतक थाना फूलबगड़ी व भेज्जी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे

बाइक क्रमांक सीजीटीएस 28 के 5165 में सवार दो ग्रामीण रव्वा भीमा पिता भीमा ग्राम बडेसेट्टी थाना फूलबगड़ी तथा मड़कम हड़मा पिता गंगा एतराजपाड़ थाना भेज्जी ने सामने से आने वाली चार चक्का वाहन सीजी 27 एच 2050 से हुई टक्कर में मौत के शिकार हो गए। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# 23 वाहन चालकों से 14400 रुपए समन शुल्क की वसूली

**दंतेवाड़ा।** यातायात पुलिस ने परमिट का उल्लंघन करने वाले दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट धारण किये वाहन चालन करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई कर रही है।



17 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात पुलिस ने गीदम से जगदलपुर मार्ग पर जावंगा एवं फारेस्ट नाका पातररास के पास पीकेट लगाकर वाहन परमिट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक, दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट लगाये वाहन ▸▸| शेष पेज 12 पर

# अचानक गोली चलने के कारण व्यापारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

शुक्रवार की सुबह गोली चलने की खबर से नगर में सनसनी फैल गई। दरअसल दंतेश्वरी ऑटो पार्ट्स के संचालक प्रमोद तोमर के पास जय माजीसा हार्डवेयर के संचालक देवकरण बुरड़ अपनी लायसेंसी पिस्टल की साफ सफाई के लिए तेल लेने आया था। पिस्टल को दिखाते समय अचानक से गोली चलने से प्रमोद तोमर को पेट के दाहिने तरफ गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची एवं प्रमोद तोमर को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती किया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए मेकाज जगदलपुर भेजा गया फिर रायपुर रेफर किया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है। प्राप्त जानकारी अनुसार लाइसेंसी पिस्टल हरीश कावरे की है जो मढ़कामी रास जाने से पूर्व माजिसा हार्डवेयर संचालक देव करण के पास छोड़ गया था। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जादूटोने के शक में हत्या, आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिले के थाना बारसूर के ग्राम मंगनार में 16 अप्रैल की शाम आरोपी सोमलू राम कश्यप एवं मृतक गोण्डू राम मण्डावी के मध्य जादू-टोना के शक के कारण आपस में विवाद होने से आरोपी ने बांस के डण्डे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर थाना बारसूर में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी घटना कर फरार था। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर ग्राम मंगनार के गुडरा नाला के पास जंगल में ग्रामीणों ने पकड़कर रस्सी में बांध कर रखना बताया। सुरक्षा बल थाना बारसूर एवं डीआरजी दन्तेवाड़ा के साथ पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त बांस के डण्डा को घर के पीछे छुपाकर रखना बताया। आरोपी को 17 को अप्रैल गिरफ्तार किया गया।



आरोपी को पकड़ने में बारसूर के थाना प्रभारी संजय उरसा, उपनिरीक्षक जगदीशचन्द्र पाटीदार, प्रेमलता पुजारी, खेमलाल बघेल, जुगेश सिंह पैकरा, शिवशंकर नाग, संजय पुजारी, शिवनंदन नाग, मंगलू वेट्टी, श्यामबती कुंजाम की अहम भूमिका रही।

### एनएच 130 डी के 48 किमी सड़क अब हो रही 12 मीटर चौड़ी

# कोंडागांव नारायणपुर एनएच का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंडागांव से नारायणपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी सड़क का चौड़ीकरण का रायपुर के खेतान कंस्ट्रक्शन ने अनुबंध किया। उसके बाद सड़क का 48 किमी तक 12 मीटर चौड़ा करने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, सड़क चौड़ा होने से लोगों राहत मिलेगी। लगभग 234 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। हालांकि निर्माण के दौरान चिन्हित लगभग 3100 से अधिक वृक्षों की कटाई जाएगी। साथ ही चौड़ीकरण में सड़क किनारे के लगभग 212 भूमि स्वामी प्रभावित हो रहे हैं।



### ठेकेदार को दिए निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग कोंडागांव उप संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि कोंडागांव-नारायणपुर तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया। ठेकेदार को समय सीमा में कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

### महाराष्ट्र से जुड़ेगा नारायणपुर

बताया जा रहा है कि नारायणपुर जिले से सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र आकाबेड़ा जाने में दहशत इतनी कि लोग मुंह तक नहीं खोलते, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। नारायणपुर से आकाबेड़ा तक जगह-जगह सीआरपीएफ के कैंप स्थापित किए, जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग नारायणपुर से आकाबेड़ा तक 17 किमी 93.07 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क बनने से लोग आसानी से सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र से जुड़ जाएगा।



